# वरदान मिला है ऐसा | By Ranjeet Yogi

हारे का सहारा श्याम हमारा.........

वरदान मिला है ऐसा के हर कोई खाटू जायेगा
शीश के दानी के आगे जग सारा शीश झुकायेगा
ना दर दर ठोकर खायेगा जो सांवरे से मिल आएगा

मोरवीनंदन लाल प्यारा हर हारे का श्याम सहारा
कौरव पांडव सब घबराये, तीन बाण का चर्चा न्यारा
जाने मोहन मुरली वाला, वीर यही कहलायेगा
वरदान मिला है ऐसा के हर कोई खाटू जायेगा

सच बतलाया मोहन ने, कहा तुमसा वीर ना दूजा
शीश का दान करे कल्याण हो घर घर तेरी पूजा
हार के दर जो आ जाये, तेरे उसको जितलायेगा
वरदान मिला है ऐसा के हर कोई खाटू जायेगा

चुलकाना सा धाम ना होता अगर शीश का दान ना होता
कौन सहारा बने हमारा खाटू में जो श्याम ना होता
रणजीत जोगी सेठ सांवरा दास थारा कहलायेगा
वरदान मिला है ऐसा के हर कोई खाटू जायेगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%90%e0%a4%b8%e0%a4%be-by-ranjeet-yogi/